राजधानी
वर्ष 11 | अंक 200 | पृष्ठ : 28+8=36
मूल्य : तीन रुपये
7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

अमर उजाला

लखनऊ
बृहस्पतिवार, 17 जनवरी 2019

amarujala.com | संकेत | इंदिरा नूयी बन सकती हैं विश्व बैंक की नई प्रमुख...17

उत्तर प्रदेश

भगवा धारी स्वच्छता सैनिक फैलाएंगे जागरूकता

लखनऊ। स्वच्छता सर्वेक्षण-2019 में लखनऊ को पहले स्थान पर लाने के लिए भगवा गमछा धारी स्वच्छता सैनिक लोगों को जागरूक करेंगे। पूरी यूनिफॉर्म में ऐसे 86 स्वच्छता सैनिकों को बुधवार को राजीव गांधी द्वितीय वार्ड से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नगर आयुक्त इंद्रमणि त्रिपाठी ने राजीव गांधी द्वितीय वार्ड में एक कार्यक्रम में स्वच्छता सैनिकों को ट्रैक सूट, जूते, टोपी देकर तैयार कराया। इसके बाद उन्हें स्वच्छता का संदेश पूरे लखनऊ तक पहुंचाने के लिए कहा गया। इस दौरान क्षेत्रीय पार्षद अरुण कुमार तिवारी, स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष डॉ. बीआर सिंह, सचिव नारायण सिंह, जोनल अधिकारी सुजीत श्रीवास्तव मौजूद रहे। ब्यूरो